सहायतालाइन 1300 368 821

निर्णय में किसी को शामिल करना

अगर आपको किसी के लिए निर्णय लेने के लिए नियुक्त किया गया है, तो आपको वह निर्णय लेना चाहिए जो आपको लगता है कि यदि वे सक्षम होते तो लेते। यह जरूरी नहीं है कि आप जो सोचते हैं वह उनके लिए सबसे अच्छा हो।

जहाँ भी संभव हो उन्हें निर्णय में शामिल करने का प्रयास करें उदाहरण के लिए:

- अगर उनकी पहली भाषा अंग्रेजी नहीं है तो एक दुभाषिया उपलब्ध करवाना
- यह सुनिश्चित करना कि वे निर्णय को समझें
- उनकी इच्छाओं और मूल्यों को समझना
- पिछले निर्णयों को ध्यान में रखना जो उन्होंने लिए होंगे
- उनके साथ सबसे अच्छे समय पर संवाद करना:
  - जब वे सबसे ज्यादा सतर्क हों
  - यह सुनिश्चित करना कि उनके श्रवण यंत्र में बैटरी हो/कि उनका चश्मा उनके पास हो
  - वे एक शांत, आरामदायक वातावरण में हो
  - ऐसे समय पर जो चिकित्सा प्रक्रियाओं या दवा लेने के संदर्भ में उचित हो

सहायतालाइन 1300 368 821
seniorsrights.org.au
सवेरे 10 बजे से शाम 5 बजे तक,सोमवार-शुक्रवार।

अधिक जानकारी के लिए, देखें सीनियर्स राइट्स विक्टोरिया के फ्लायर्स जिनके शीर्षक हैं, 'नहीं कहना ठीक है (It's ok to say no)' और 'पारिवारिक समझौते (Family Agreements) ।'

उपयोगी संपर्क:

लोक अधिवक्ता कार्यालय

फोन: 1300 309 337
www.publicadvocate.vic.gov.au

विक्टोरियन नागरिक और प्रशासनिक ट्रिब्यूनल (VCAT)

VCAT संरक्षकता सूची में जोड़ने के लिए एक अभिभावक या प्रशासक नियुक्त करने के लिए, www.vcat.vic.gov.au पर जाएँ और 'मामले के प्रकार (case type)' के लिंक का अनुसरण करें, फिर या तो 'Powers of Attorney' या 'Guardianship & Administration' चुनें
1300 01 8828

फैडरेशन ऑफ कम्युनिटी लीगल सैन्टर्स

यह फैडरेशन, विक्टोरिया के सामुदायिक कानूनी केंद्रों और एबोरीजनल लीगल सर्विसेज़ का सर्वोच्च संगठन है। अपने स्थानीय सामुदायिक कानूनी केंद्र का पता लगाने के लिए www.fclc.org.au पर जाएँ और "Find a CLC" पर क्लिक करें या 1300 792 387 पर कॉल करें